भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
लिखित प्रश्न सं. 973
सोमवार, 10 फरवरी, 2025/21 माघ, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**एसडीएस और एसडी 2.0**

973. **श्री आलोक शर्मा:**
**श्री दिलीप शइकीया:**
**श्रीमती शोभनाबेन महेन्द्रसिंह बारैया:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या पर्यटन क्षेत्र, स्थानीय अर्थव्यवस्था, बुनियादी ढांचे और रोजगार पर समग्र प्रभाव को ध्यान में रखते हुए स्वदेश दर्शन योजना (एसडीएस) के तहत 5287.90 करोड़ रुपये के कुल आवंटन सहित 76 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है, जिनमें से 75 परियोजनाएं अब तक वास्तविक रूप से पूरी हो चुकी हैं;
(ख) स्वदेश दर्शन 2.0 के संशोधित संस्करण का ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या यह सुनिश्चित करने के लिए कोई उपाय किए गए हैं कि उक्त योजना के तहत पर्यटन स्थलों का विकास स्थिरता और उत्तरदायी पर्यटन के सिद्धांतों के अनुरूप हो;
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ङ) उक्त स्वदेश दर्शन 2.0 के तहत 34 परियोजनाओं के लिए स्वीकृत 793.20 करोड़ रुपये के आवंटन और उपयोग का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ङ): पर्यटन मंत्रालय ने 2014-15 में स्वदेश दर्शन योजना शुरू की और देश में पर्यटन के विकास के लिए चिह्नित विषयगत परिपथों के अंतर्गत 5287.90 करोड़ रु. की लागत वाली 76 परियोजनाओं को मंजूरी दी, जिसमें पर्यटन क्षेत्र, स्थानीय अर्थव्यवस्था, अवसंरचना और रोजगार पर समग्र प्रभाव को ध्यान में रखा गया और जिनमें से 75 परियोजनाएं भौतिक रूप से पूरी हो चुकी हैं।

पर्यटन मंत्रालय ने गंतव्य और पर्यटक केंद्रित दृष्टिकोण अपनाते हुए स्थायी और जिम्मेदारीयुक्त पर्यटन स्थलों का विकास करने के उद्देश्य से स्वदेश दर्शन योजना को स्वदेश दर्शन 2.0

(एसडी2.0) के नाम से नया रूप दिया है। एसडी2.0 में यह परिकल्पना की गई है कि नकारात्मक प्रभावों को कम करने और पर्यटन के सकारात्मक प्रभावों को अधिकतम करने के लिए, स्थायी और जिम्मेदार पर्यटन महत्वपूर्ण है तथा यह पर्यावरणीय स्थायित्व, सामाजिक-सांस्कृतिक स्थायित्व और आर्थिक स्थायित्व सहित स्थायी पर्यटन के सिद्धांतों को अपनाने को प्रोत्साहित करता है। यह योजना राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को स्थानीय समुदायों और हितधारकों के साथ उचित परामर्श करने, नवीकरणीय ऊर्जा, पर्यावरण अनुकूल सामग्री का उपयोग करने, सुलभ अवसंरचना और सेवाओं के विकास, क्षमता निर्माण, स्थानीय उद्यमिता आदि पर फोकस करने के लिए प्रोत्साहित करती है।

स्वदेश दर्शन 2.0 के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

*****

**अनुबंध**

श्री आलोक शर्मा, श्री दिलीप शइकीया और श्रीमती शोभनाबेन महेन्द्रसिंह बारैया द्वारा एसडीएस और एसडी 2.0 के संबंध में दिनांक 10.02.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या 973 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में **विवरण**

**स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची**

| क्र. सं. | राज्य | गंतव्य | एक्सपीरियंस का नाम | स्वीकृत लागत (करोड़ रु.) | स्वीकृति की तिथि | कार्यान्वयन एजेंसी हेतु निर्धारित निकासी सीमा (करोड़ रु.) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आंध्र प्रदेश | अरक्कू-लम्बासिंगी | अरक्कू में बोर्रा केव एक्सपीरियंस | 29.87 | 2023-24 | 2.98 |
| 2. | अरुणाचल प्रदेश | नाचो | अनलॉक नाचो अभियान | 14.02 | 2023-24 | 1.40 |
| 3. | अरुणाचल प्रदेश | मेचुका | मेचुका सांस्कृतिक हाट | 18.48 | 2023-24 | 1.84 |
| 4. | अरुणाचल प्रदेश | मेचुका | मेचुका एडवेंचर पार्क | 12.75 | 2023-24 | 1.27 |
| 5. | असम | कोकराझार | कोकराझार वेटलैंड एक्सपीरियंस | 26.67 | 2023-24 | - |
| 6. | असम | जोरहाट | रीइमेंजिनिंग सिन्नामारा टी एस्टेट | 23.91 | 2023-24 | - |
| 7. | गोवा | पोर्वोरिम | पोर्वोरिम क्रीक एक्सपीरियंस | 23.56 | 2024-25 | - |
| 8. | गोवा | कोलवा | कोलवा बीच एक्सपीरियंस | 15.65 | 2024-25 | - |
| 9. | कर्नाटक | हम्पी | 'ट्रैवलर नूक्स' की स्थापना | 25.64 | 2023-24 | - |
| 10. | कर्नाटक | मैसूरु | टोंगा राइड हेरिटेज एक्सपीरियंस जोन | 2.72 | 2023-24 | 0.27 |
| 11. | कर्नाटक | मैसूरु | ईकोलोजिकल | 18.47 | 2023-24 | 1.84 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | एक्सपीरियंस जोन | | | |
| 12. | केरल | कुमारकोम | कुमारकोम पक्षी अभयारण्य एक्सपीरियंस | 13.92 | 2023-24 | - |
| 13. | लद्दाख | लेह | जूले लेह जैव विविधता पार्क | 24.89 | 2023-24 | - |
| 14. | लद्दाख | कारगिल | एक्सप्लोरिंग एलओसी और हुंडरमन विलेज एक्सपीरियंस | 12.01 | 2023-24 | - |
| 15. | मध्य प्रदेश | ग्वालियर | फूलबाग एक्सपीरियंस जोन | 16.73 | 2023-24 | 1.67 |
| 16. | मध्य प्रदेश | चित्रकूट | चित्रकूट में आध्यात्मिक एक्सपीरियंस | 27.21 | 2023-24 | 2.72 |
| 17. | महाराष्ट्र | पुणे | शिवसृष्टि एतिहासिक थीम पार्क-फेज 3 | 76.22 | 2024-25 | 7.62 |
| 18. | मेघालय | सोहरा | वॉटरफॉल ट्रेल्स एक्सपीरियंस | 27.84 | 2023-24 | - |
| 19. | मेघालय | सोहरा | मेघालयन एज केव एक्सपीरियंस | 32.45 | 2023-24 | 3.24 |
| 20. | नागालैंड | चुमुकेदिमा | चुमुकेदिमा व्यू पॉइंट पर इको-पर्यटन एक्सपीरियंस | 7.87 | 2024-25 | - |
| 21. | नागालैंड | चुमुकेदिमा | मिडवे रिट्रीट में जनजातीय सांस्कृतिक एक्सपीरियंस | 21.56 | 2023-24 | - |
| 22. | पुडुचेरी | कराईकल | कराईकल बीच और वाटरफ्रंट एक्सपीरियंस | 20.29 | 2023-24 | - |
| 23. | पंजाब | कपूरथला | कांजिली वेटलैंड में इको पर्यटन एक्सपीरियंस | 20.06 | 2023-24 | - |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 24. | पंजाब | अमृतसर | अटारी में सीमा पर्यटन एक्सपीरियंस | 25.90 | 2024-25 | 2.59 |
| 25. | राजस्थान | बूंदी | केशोरायपाटन में आध्यात्मिक एक्सपीरियंस | 17.37 | 2023-24 | - |
| 26. | सिक्किम | ग्यालशिंग | युकसोम क्लस्टर में इको-वेलनेस एक्सपीरियंस | 15.40 | 2023-24 | - |
| 27. | सिक्किम | गंगटोक | गंगटोक सांस्कृतिक गांव | 22.59 | 2023-24 | - |
| 28. | तमिलनाडु | मामल्लापुरम | शोर मंदिर में इमर्सिव एक्सपीरियंस | 30.02 | 2023-24 | - |
| 29. | तेलंगाना | भोंगीर | भोंगीर किला एक्सपीरियंशियल जोन | 56.81 | 2023-24 | - |
| 30. | तेलंगाना | अनंतगिरि | अनंतगिरि वन में इको पर्यटन जोन | 38.00 | 2023-24 | 3.80 |
| 31. | उत्तर प्रदेश | प्रयागराज | आजाद पार्क और देखो प्रयागराज ट्रेल एक्सपीरियंस | 13.02 | 2023-24 | - |
| 32. | उत्तर प्रदेश | नैमिषारण्य | वैदिक - वेलनेस एक्सपीरियंस | 15.94 | 2023-24 | - |
| 33. | उत्तराखंड | पिथौरागढ़ | गुंजी में ग्रामीण पर्यटन क्लस्टर एक्सपीरियंस | 32.20 | 2023-24 | - |
| 34. | उत्तराखंड | चंपावत | टी गार्डन एक्सपीरियंस | 11.21 | 2023-24 | - |
| | | | **कुल राशि** | **791.25** | | |

एसडी2.0 परियोजनाओं के संबंध में अभी तक कोई यूसी प्राप्त नहीं हुई है।

*****